प्रथम हिन्दी कार्यशाला का कार्यवृत

पोसोको कार्यालय मे दिनांक 11.01.2012 को दोपहर 2.30 बजे हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमे पोसोको कार्यालय के अधिकारियों/कर्मचारियों ने बडे उत्साह से भाग लिया।

1.0 सर्वप्रथम श्री शिव शंकर प्रसाद, अपर महाप्रबंधक(मानव संसाधन विभाग) ने मुख्य कार्यपालक अधिकारी, एवम बाह्य संकाय डा.प्रेम सिंह एवम सभी प्रतिभागियों का हिन्दी कार्यशाला मे पधारने पर हार्दिक स्वागत किया ।

2.0 श्री सुशील कुमार सोनी, मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने बाह्य सं्काय डा. प्रेम सिंह, संयुक्त निदेशक, विज्ञान एवम प्रोद्योगिकी मन्त्रालय का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया । श्री सोनी ने अपने वक्तव्य मे कहा कि राजभाषा मे कार्य करना हमारी संवैधानिक जिम्मेदारी है व पोसोको और राष्टीय भार प्रेषण केन्द्र के सभी अधिकारियों को स्वेच्छा से अपना दैनिक कार्यालीन कार्य राजभाषा हिन्दी मे करें तभी हिन्दी मे कार्य करने को बढावा मिलेगा। हिन्दी अपने आप मे ही अन्य भाषाऔं के शब्दों को समेटे हुए है, कोई भी कार्य करते हुए आसान शब्दों को प्रयोग मे लाएं जिससे भाव स्पष्ट हो। मैं यह कामना करता हूं कि इस कार्यशाला से प्रभावित होकर हमारे अधिकारियों /कर्मचारियों को हिन्दी मे कार्य करने की और अधिक प्रेरणा मिलेगी।

3.0 श्री वी के अग्रवाल, महाप्रबंधक(रा.भा.प्रे.के.) ने भी जोर देते हुए कहा कि राजभाषा मे कार्य करना हमारी सवैंधानिक जिम्मेदारी है और हमें इसका पूरी तरह से पालन करना चाहिए।

4.0 डा. प्रेम सिंह ने अपने व्याख्यान मे सर्वप्रथम कहा कि भाषा जोडती है तोडती नही और अपनी भाषा को सीखने के लिए किसी पाठशाला की जरूरत नही। भारत वर्ष मे राष्टीय पुष्प है, राष्टीय पशु है, राष्टीय गान है, राष्टीय कवि है, राष्टीय चिन्ह है, परंतु कोई

एक राष्टीय भाषा नहीं है। डा. प्रेम सिंह ने यह भी कहा कि हमारे संविधान में कुल 395 आर्टिकल हैं और उनमे से 12 आर्टिकल केवल राजभाषा के बारे में ही हैं।

5.0 डा. प्रेम सिंह ने स्वभाषा की महत्ता पर भी प्रकाश डाला और जहां राजभाषा के महत्व के बारे मे कहा वहीं पर राजभाषा हिन्दी में कार्य करने की प्रेरणा भी दी।

6.0 अत: मे अपर महाप्रबंधक(मा.सं) ने धन्यवाद ज्ञापन दिया व डा. प्रेम सिंह के राजभाषा पर दिए हुए व्याख्यान पर उन्हें व हिन्दी कार्यशाला मे आए हुए सभी प्रतिभागियों का आभार भी व्यक्त किया।(कार्यशाला मे आए हुए प्रतिभागियों की सूची सलंग्न है)

अवलोकानार्थ प्रस्तुत है।

अनिहता 12/1/12

(अनिल मेहता)

कार्यपालक सचिव(मा.सं)

अपर महाप्रबंधक(मा.सं) 12/1

महाप्रबंधक(रा.भा.प्रे.के.) Vanita ghnec

मुख्य कार्यपालक अधिकारी(पोसोको) सोनी 12/1/12

कापी: श्री आई आर किदवई, कार्यपालक निदेशक(मानव संसाधन विभाग), पावरग्रिड, गुडगांव

कु. बिन्दिया जैन - सूचनार्थ प्रस्तुत है।

अनिहता 16/1/12

हिन्दी कार्यशाला मे उपस्थित होने वाले अधिकारियों की सूची

क्र. सं	नाम (सर्वश्री)	पदनाम	कर्मचारी संख्या	हस्ताक्षर
1.	शैलेन्द्रा कु. वर्मा	व.अभियंता	01404	
2.	अमनदीप सिंह	व.अभियंता	1592	
3.	कौशिक डे	व.अभियंता	01780	
4.	रवि शंकर चिन्नम	अभियंता	02138	
5.	नितिन यादव	अभियंता	02282	
6.	अमित गुप्ता	अभियंता	02342	
7.	संजीव कुमार सिंह	अभियंता	02406	
8.	राकेश कुमार	अभियंता	2591	
9.	गौरव वर्मा	अभियंता	2446	
10.	राहुल शुक्ला	अभियंता	2471	
11.	राधा	वित्त अधिकारी	2520	
12.	के के अरोडा	कार्यपालक सचिव	17023	
13.	अनिल मेहता	कार्यपालक सचिव	283	
14.	प्रीति चतुर्वेदी	कम्पनी सचिव्		
15.	सुरेश कोहली	व. ज. अ.		
16.	विजय वर्मा	लेखापाल	1540	
17.	शिल्पी कुमारी	कनिष्ठ पर्यवेक्षक(मा.सं)	65069	
18.	भवानी शं्कर शर्मा	क.अभि.IV	11256	
19..	दीपक गुप्ता	क.अभि.IV	11257	
20.	धर्म सिंह	क.अभि.IV	17104	